प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तराखंड स्थापना की रजत जयंती पर दी शुभकामनाएं : राज्यपाल ने कहा– उत्तराखंड, अध्यात्म की साधना के साथ राष्ट्र रक्षा का भी है प्रहरी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर के निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय का किया निरीक्षण : कहा– यह विश्वविद्यालय, पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये साबित होगा महत्वपूर्ण उपलब्धि।
3. केन्द्रीय राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने प्रयागराज में कहा– सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और गोवंशों की नस्ल सुधार के लिये शुरू करेगी योजनाएं। और
4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या में प्रस्तावित ध्वजारोहरण कार्यक्रम से पहले मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने तैयारियों का लिया जायजा।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज उत्तराखण्ड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित 'उत्तराखण्ड सांस्कृतिक महाकुंभ समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअली सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की रजत जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि

उत्तराखण्ड देवभूमि ही नहीं, वीर भूमि और विद्या भूमि भी है। यह भूमि अध्यात्म की भी साधना करती है और राष्ट्र रक्षा की प्रहरी भी है। एक रिपोर्ट..........

*राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि 9 नवम्बर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर बना उत्तराखण्ड भारत का 27वाँ राज्य है। इस राज्य की सबसे बड़ी शक्ति इसकी संस्कृति, परंपरा और लोगों की अदम्य इच्छा शक्ति है। उत्तराखण्ड ने हर विपत्ति में दृढ़ता से खड़े होकर स्वयं को और भी सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखण्ड कृषि, पर्यटन, ग्रामीण उद्यम, बागवानी और जैविक खेती जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ सहित उत्तर पूर्वांचल और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनजातीय बच्चों की शिक्षा के लिए कार्यरत अन्य महिला योद्धाओं और वीर नारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल को 'माँ नन्दा देवी शिक्षा वीर सम्मान' से सम्मानित भी किया गया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जुलाई 2026 के सत्र में विश्वविद्यालय में पठन–पाठन का कार्य प्रारम्भ करने के लिये युद्धस्तर पर प्रयास किये जाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये महत्वपूर्ण साबित होगा। किसानों की समृद्धि और युवाओं के लिये रोजगार का अवसर देने का माध्यम बनेगा। बाइट.....

*निर्माण कार्य तेजी के साथ आगे चल रहा है। हमारा प्रयास है कि अगले सत्र में यहां पर कृषि विश्वविद्यालय का पठन–पाठन का कार्यक्रम प्रारंभ हो जाए। अक्टूबर 26 तक इन्होंने बिल्डिंग देने के लिए कार्यदायी संस्था और कांटेक्टर ने कहा है और मैंने भी उनको इस बारे में कहा है कि प्रयास करें कि उससे पहले यह इस कार्य को संपन्न करें।*

इसके पहले मुख्यमंत्री ने कुशीनगर के म्यांमार बौद्ध विहार में दिवंगत बौद्ध धर्म गुरु अग्ग महापण्डित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपीसिंह बघेल ने बताया कि केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा भेजी गई धनराशि से गांवों में स्कूल, सड़क, नाली, चेक डैम और खड़ंजे का निर्माण कराये जाने के साथ बिजली, पानी, सफाई और पौधारोपण के कार्य भी कराये जाते हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री आज प्रयागराज में यूपी पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सरकार का पशुपालन विभाग राष्ट्रीय गोकुल मिशन का दूसरा चरण लाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें सर्कुलेटिंग सिस्टम आर.ए.एस. की शुरुआत की जायेगी, इसमें प्लास्टिक के टैंक में मछली पालन की योजना है। इसके अलावा गोवंशों की नस्ल सुधार केलिए भी योजना बनाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत किसानों से गायों का कृत्रिम गर्भाधान करने की अपील की जायेगी।

——————————

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज गोरखपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि जैव विविधता से परिपूर्ण उत्तर प्रदेश में देश का सर्वाधिक पशुधन है। उन्होंने बताया कि राज्य में दुग्ध, अंडा, मांस और ऊन उत्पादन काफी बढ़ा है। पशुधन मंत्री ने प्रदेश में गौवंश के संरक्षण और आश्रय की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट हाईब्रिट मोड में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि दुग्ध उत्पादन और नस्ल सुधार के लिये लखनऊ के रहमानखेड़ा में अत्याधुनिक सेक्सड सार्टेड स्ट्रा उत्पादन लैब की स्थापना की जा रही है, जहां लगभग नौ लाख स्ट्रा प्रतिवर्ष उत्पादित होगा। बाइट.....

*किसान की दोगुनी आय पशुपालन से होगी। खेती और पशु एक दूसरे के पूरक है। खेती है तो पशु है और पशु है तो खेती है। उत्तर प्रदेश में हमारा पशुपालन से हम अच्छी स्थिति में है। देश में दुग्ध उत्पादन में हम नंबर वन है और पशुपालन में भी हम अग्रणी है। उत्तर प्रदेश की 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी में पशुपालन विभाग सर्वाधिक आगे है।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के  पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने फ़िरोज़ाबाद के नारखी विकासखंड के 9 प्राचीन मंदिरों के 14 करोड़ की लागत से पर्यटन विकास और सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अपनी विरासत और परंपरा को संजोने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। फिरोजाबाद को पर्यटन का हब बनाया जाएगा।

——————————

प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने आज अयोध्या में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और मछुआरा समुदाय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश में मछुआरों के लिये 140 परियोजनाएं चलाई जा रही है, जिनमें दो परियोजनाएं पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में देश में लगातार दो वर्षो से प्रथम स्थान पर है। बाइट.......

*उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश है मछली उत्पादन में। 2 साल से हमें पूरे देश में एक नंबर का उत्पादन का खिताब मिल रहा है। हम चाहते हैं आत्मनिर्भर बन गया है उत्तर प्रदेश। अब हम दूसरे प्रदेशों और दूसरे देशों को भी मछली उत्पादन में हाईटेक करेंगे।*

——————————

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने आज अयोध्या में राम मन्दिर में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में हैं और इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने प्रधानमंत्रो नरेन्द्र मोदी के 25 नवम्बर को मंदिर परिसर में प्रस्तावित ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के बाद श्री मिश्र ने निर्माण एजेंसियों के सभी प्रमुख लोगों के साथ बैठक दिशा निर्देश दिए। बाइट.....

*एक दो चुनौतियां हैं क्योंकि बहुत ऊंचाई पर शिखर है, तो वहां पहुंचाने के लिए कुछ व्यवस्था करनी होगी जिससे कि झंडा शत–प्रतिशत सफलता के साथ रामलला भगवान के मंदिर के ऊपर लहराया जाए। ध्वजारोहण तो देखिए अपने में एक बहुत ही महत्वपूर्ण एक क्रम होता है। भगवान के सभी जो श्रद्धालु हैं उनको एक प्रकार से सूचित किया जाता है कि भगवान अपने गर्भग्रह में स्थापित है। उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो गई। अब पताका भी मंदिर कल लहरा दिया गया है और आप सभी अब आकर के अपनी पूजा अर्चना कर सकते हैं।*

——————————

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के बाद 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि फुटवेयर के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं।.........

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने परिधान और फुटवेयर सहित विभिन्न उद्योगों में कर संरचना को सरल बनाया है। कंपोजिशन लेदर और टैनिंग या क्रस्टिंग के बाद तैयार किए गए चमड़े पर लगाए जाने वाले कर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे निर्माताओं की इनपुट लागत में कमी आई है और देश के भीतर उत्पादन बढ़ा है। इसके अलावा, दो हज़ार पांच सौ रूपये तक के फुटवेयर पर वस्तु और सेवा कर को पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से युवा निर्माताओं को सीधे लाभ मिल रहा है और उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद अब अधिक सुलभ हो गए हैं। ऋषू जायसवाल के साथ दिपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार,दिल्ली।*

———————

वाराणसी के छावनी स्थित रणबांकुरा स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन आज भर्ती प्रक्रिया के तहत क्लर्क, ट्रेडमैन पद के लिए कुल 1030 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जिनमें से 844 ने रेस में भाग लिया और 451 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से आयोजित यह भर्ती रैली 21 नवंबर तक चलेगी।

———————

शाहजहांपुर और अमरोहा में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सभाजन से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा हुई। मतदेय स्थलों की सूची 10 नवंबर तक राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी और प्राप्त सुझावों के निस्तारण के बाद 18 नवंबर तक सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

(समाप्त)